(i) Printed Pages : 4 Roll No. ................................

(ii) Questions : 9 **Sub. Code : 1 7 3 0 8**

**Exam. Code : 0 0 0 4**

**B.A./B.Sc. (General) 4th Semester**

**(2055)**

**HINDI**

**Paper : (Elective)**

**Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 90**

नोट :—(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) भाषा शुद्ध एवं स्पष्ट होनी चाहिए।

1. (क) किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या करें : 8

सबने पाया है प्यार, सभी ने खोया है

सबका जीवन है भार, और सब जीते हैं,

बेचैन न हो

यह दर्द अभी कुछ गहरे उतरता है,

फिर एक ज्योति मिल जाती है,

जिसके मंजुल प्रकाश में सबके अर्थ नए खुलने लगते,

ये सभी तार बन जाते हैं

अथवा

शब्द सब व्यर्थ हैं, यह सही है,
पर इस लिए कि शब्दातीत
शायद केवल इतना ही जो दर्द है :
वह बड़ा है मुझी से,
सहा नहीं गया।
तभी तो वह, जो अभी और रहा,
कहा नहीं गया।

(ख) अज्ञेय का कवि परिचय दें। 10

अथवा

'ऐसा तेरा लोक' कविता का सार लिखें।

2. छायावाद युग अथवा प्रगतिवाद युग की विशेषताएँ बताएँ। 10

3. 'मैत्री एकांकी' एकांकी का उद्देश्य स्पष्ट करें। 8

अथवा

'दूर और पास' एकांकी की पात्र कलावती का चरित्र चित्रण करें।

4. एकांकी के तत्वों पर प्रकाश डालें। 10

अथवा

एकांकी का वर्गीकरण करें।

5. किन्हीं पाँच टिप्पणियों के हिन्दी रूप लिखिए : 10

(1) Remember may be sent.

(2) Delay should be avoided.

(3) Kindly conferm.

(4) Verified and found correct.

(5) Case may be kept pending.

(6) Draft reply is put up.

(7) Await reply.

(8) Clarify the position please.

(9) Approved as proposed.

(10) A brief note is placed below.

6. निम्न गद्यांश का सार लिखते हुए उचित शीर्षक दीजिए : 8

भारतीय संस्कृति दुनिया की सबसे प्राचीन और समृद्ध संस्कृतियों में से एक है। यह विविधता में एकता का प्रतीक है, जिसमें विभिन्न धर्मों, भाषाओं, रीति-रिवाज़ों और परंपराओं का सम्मिलन है। भारतीय संस्कृति का आधार आध्यात्मिकता, परिवारिक मूल्य और मानवता पर आधारित है। यहाँ के दर्शन, योग, आस्था और कला ने न केवल भारत, बल्कि पूरे विश्व को प्रभावित किया है। भारतीय संस्कृति ने समय-समय पर अपने सिद्धांतों में बदलाव किया, लेकिन मूल्यों की रक्षा करते हुए यह निरंतर विकसित होती रही है। यह समाज के विभिन्न पहलुओं में सामंजस्य बनाए रखते हुए आज भी जीवित है।

7. सचिव, शिक्षा मंत्रालय, पंजाब सरकार, चंडीगढ़ की ओर से प्रांत के सभी विश्वविद्यालयों को विश्वविद्यालय तथा संबंधित शिक्षण-संस्थानों में छात्र संघ के चुनावों को आवश्यक बनाए जाने का निर्देश दिया गया हो। 8

अथवा

सचिव, गृह मंत्रालय पंजाब सरकार की ओर से समस्त जिलाधीशों को लिखे जाने वाले पत्र का प्रारूप जिसमें परीक्षा के दिनों में विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लाउडस्पीकरों पर पाबंदी लगाने संबंधी सरकारी निर्णय की सूचना दी गई है।

8. किसी एक विषय पर विस्तार में लिखिए : 8

निदंक नियरे रखिए।

मन जीते जग जीत।

अनुशासन का महत्व।

9. किन्हीं दस वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

(1) छायावाद के आधार स्तंभ कवियों के नाम बताएँ।

(2) प्रगतिवाद का उदय कब हुआ ?

(3) नई कविता की चार प्रमुख विशेषताएँ बताएँ।

(4) निराला का पूरा नाम लिखें।

(5) प्रयोगवाद के प्रवर्तक का नाम लिखें।

(6) जगन्नाथ स्वयं को कैसा बाप मानता है ?

(7) भोला ने भरे कंठ से रघुनाथ के विषय में क्या कहा था ?

(8) आए हुए मेहमानों ने किसके घर जाना था ?

(9) मणिभद्र ने रत्नों की चोरी हो जाने के कारण सम्राट से अपने लिए क्या माँगा था ?

(10) 'कनुप्रिया' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है ?

(11) टूटा पहिया किसका प्रतीक है ?

(12) 'जो कहा नहीं गया' कविता किस कवि के द्वारा रचित है ?

(13) किस दीपक को कवयित्री ने संबोधित किया है ?

(14) 'स्वर्ग' के लिए किस शब्द का प्रयोग किया गया है ?

(15) 'सो रहा है झोंप' में किस का मानवीकरण किया है ?